हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

11 यूजीसी पर संगठनों की अलग-अलग राय

12 औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से रोजगार के ...




## खबर संक्षेप

### तहसील ग्राम पटेल संघ की बैठक आज

**कोर्रा(भखारा)।** तहसील ग्राम पटेल संघ भखारा की बैठक 3 फरवरी को त्रिकुटी धाम कोसमर्रा में सुबह 10 बजे रखी गई है। ग्राम पटेलों से उपस्थिति की अपील की गई है। यह जानकारी अध्यक्ष गुरूदयाल साहू ने दी है।

### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 फरवरी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन में आयोजित की गई है। इस अवसर पर नववर्ष का मिलन समारोह मनाया जाएगा। अध्यक्ष वीरेन्द्र नाग, सचिव मोतीलाल हिरवानी ने पेंशनर सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### रसायनशास्त्र की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 7 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के नियमित, भूतपूर्व, अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी बीएससी भाग-2 एवं 3 के रसायनशास्त्र विषय की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 7 फरवरी को होगी। परीक्षार्थियों को निर्धारित तिथि पर प्रायोगिक सामग्री के साथ समय से आधा घण्टा पूर्व अपनी उपस्थिति देनी होगी। अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म की हार्डकापी एवं रसीद लेकर परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

### वनस्पतिशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 9 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीएससी द्वितीय व तृतीय वर्ष के नियमित, भूतपूर्व, अमहाविद्यालयीन छात्र के वनस्पतिशास्त्र विषय की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 9 फरवरी को प्रातः 9 बजे से होगी। परीक्षार्थी उक्त तिथि को समय से आधा घंटा पूर्व विभाग में उपस्थिति दें। अमहाविद्यायीन परीक्षार्थी परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी एवं प्रायोगिक शुल्क रसीद की कॉपी लेकर परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बैचेस की जानकारी विभाग के सूचना पटल पर चस्पा की जायेगी।

### कोसरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन 7 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज अमेठी पाली के तत्वावधान में ग्राम अमेठी के सामाजिक भवन में वार्षिक अधिवेशन होगा। मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर होंगे। अध्यक्षता पाली अध्यक्ष संतू यादव कोलयारी करेंगे। अधिवेशन में दोपहर 12 बजे युवक युवती परिचय सम्मेलन होगा। वर्ष 24-25 की बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मान राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष संतू यादव, प्रभु यादव, माखन यादव समेत अन्य जुटे हैं। यह जानकारी तुलसीराम यादव धमतरी ने दी।

भरे पड़े हैं एफसीआई, नान के गोदाम, चावल जमा करने की जगह नहीं

# न कस्टम मिलिंग, न फ्री सेल राइस मिलों में लटक रहे ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चावल गोदाम में जाम के चलते अधिकांश राइस मिलों के पहिए थमे हुए हैं। चार पांच राइस मिल ही चल रही है। चावल देने के लिए जगह नहीं होने के कारण राइस मिलर्स धान का उठाव भी नहीं कर रहे हैं। वहीं धान खरीदी के दौरान अवैध धान को लेकर राइस मिलों पर अंधाधुंध कार्रवाई भी की गई, जिसके चलते राइस मिलर्स धान खरीदी में भी पीछे रह गए और फ्री सेल प्रभावित है।

जिले में राइस मिल एकलौता और सबसे बड़ा उद्योग है। अब इस उद्योग पर संकट मंडरा रहा है। एफसीआई और नान के चावल गोदाम में चावल रखने की जगह नहीं है। स्थिति यह है कि कई राइस मिलर्स पिछले साल का ही चावल जमा नहीं कर पाए हैं। धान खरीदी भी समाप्त हो चुकी है। राइस मिलर्स पर धान उठाव के लिए दबाव है। चावल जमा करने की सुविधा नहीं होने के कारण राइस मिलर्स उठाव नहीं कर रहे हैं। स्थिति पर नजर डाले तो जिले में कुल 225 राइस मिल है, जिसमें से 204 राइस मिलर्स कस्टम मिलिंग के लिए पंजीकृत हैं, लेकिन अब तक 168 राइस मिलर्स ने ही धान का उठाव किया है। इसमें भी अधिकांश राइस मिलर्स ने बहुत कम मात्रा में धान उठाया है।


फाइल फोटो

#### नहीं मिल रहा रैक

चावल गोदामों की स्थिति देखें तो इस बार कस्टम मिलिंग के एवज में एफसीआई ने एक दाना चावल नहीं लिया है। नान के गोदाम में कुछ मात्रा में चावल जमा हुआ है। उल्लेखनीय है कि जिले का अधिकांश चावल एफसीआई को सप्लाई होता है। राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन सांखला ने बताया कि एफसीआई के गोदाम पहले से भरे पड़े हैं। महीने दो महीने में एक बार रैक लगता है जिसमें पर्याप्त मात्रा में चावल का परिवहन नहीं हो पाता । स्थिति को देखते हुए राइस मिलर्स चुपचाप बैठे हुए हैं।

#### फ्री सेल भी बंद

जिले में ही नहीं पूरे प्रदेश में किसानों का अधिकांश धान शासन ने खरीद लिया है। ऐसे में बाजार में धान नहीं के बराबर आ रहा है। अवैध धान पर अंधाधुंध कार्रवाई के चलते राइस मिलर्स किसानों से सीधे धान खरीदी करने में पीछे रह गए। यही कारण है कि फ्री सेल की मिलिंग भी लगभग बंद है। यही नहीं राइस मिलर्स को पिछले साल की कस्टम मिलिंग की राशि नहीं दी गई है, जिसके चलते छोटे मिलर्स के पास बजट की कमी है।

#### बढ़ा रोजगार संकट

जिले की 225 राइस मिलों में 5 हजार से ज्यादा मजदूर व कर्मचारी काम करते हैं। राइस मिल बंद होने से उनके सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। कर्मचारियों को तो राइस मिल से जैसे- तैसे वेतन मिल जा रहा है, लेकिन मजदूरों को आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है। जब राइस मिलों के पहिए घूमेंगे तभी वे काम पर लौट पाएंगे। स्थिति को देखते हुए कई मजदूर राइस मिल छोड़कर दूसरे काम की तलाश में जुट गए हैं।

#### यह है स्थिति

जिले में 1 लाख 24 हजार 73 किसानों से कुल 59 लाख 10 हजार 944 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसमें से 18 लाख 67 हजार 552 क्विंटल धान मिलर्स ने उठाया है। मिलर्स द्वारा कम उठाव को देखते हुए संग्रहण केंद्रों में धान भेजा जा रहा है। अब तक 7 लाख 97 हजार 965 क्विंटल धान संग्रहण केंद्रों को भेजा जा चुका है। खरीदी समाप्त होने के बाद भी खरीदी केंद्रों में 32 लाख 45 हजार 427 क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है।

# रतनजोत बीज खाने से 30 से अधिक लोगों की बिगड़ी तबीयत

- बोरझरा की घटना, सेवन करने वालों में बच्चों के साथ बड़े भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गांव के तालाब किनारे लगे रतनजोत बीज को काजू समझकर सेवन करने पर बच्चों सहित 30 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। 10 बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के बाद बच्चों की हालत में सुधार आया है।

मिली जानकारी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम बोरझरा में सोमवार को मड़ई से पहले ग्रामीणों द्वारा गांव में मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया था। रविवार को सम्मेलन का अंतिम दिवस था। ग्रामीण बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल में रामायण का श्रवण कर रहे थे। वहीं बच्चे भी आसपास खेल रहे थे। इसी बीच बच्चे खेलते-खेलते गांव में स्थित तालाब की तरफ चले गए। तालाब किनारे बड़ी संख्या में रतनजोत के पौधे लगे हुए हैं जिसमें फल भी लगा हुआ है। बच्चों ने रतनजोत बीज को काजू समझकर सेवन कर लिया। वहीं कुछ बीजों को तोड़कर अपने साथ आए अन्य बच्चों को भी खाने के लिए दे दिया। अन्य बच्चों ने भी बीज को काजू समझकर सेवन कर लिया। यही नहीं काजू के धोखे में गांव का एक युवक व एक महिला ने भी उसका सेवन कर लिया। शाम होते तक एक के बाद एक बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। बच्चे उल्टी करने लगे। एक साथ बच्चों की तबीयत बिगड़ती देख गांव में अफरातफरी मच गई। बीमार बच्चों को ग्रामीणों ने तत्काल उपचार के लिए कोर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। बीमार बच्चों का तत्काल उपचार शुरु किया गया। इलाज के बाद बहुत से लोग घर लौट गए। वहीं कुछ बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। परिजन 10 बच्चों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां बच्चों को पीडिया वार्ड में भर्ती कर डॉक्टर व स्टाफ उपचार में जुट गए। तत्काल इलाज मिल जाने से धीरे-धीरे बच्चों की हालत में सुधार आता गया। सोमवार तक सभी बच्चे खतरे से बाहर आ गए।



#### जिला अस्पताल में हुआ उपचार

जिला अस्पताल में खुशबू निषाद 13 वर्ष, हुमेश निषाद 11 वर्ष, केदार कश्यप 7 वर्ष, चिराग साहू 7 वर्ष, प्रियांशु साहू 12 वर्ष, मयंक साहू 6 वर्ष, मनजीत साहू 6 वर्ष, आदित्य 9 वर्ष, कमलेश 11 वर्ष व यशवंत साहू 11 वर्ष को भर्ती कराया गया।

#### स्वस्थ हैं बच्चे

सिविल सर्जन डा. अरूण टोंडर ने मीडिया को बताया कि रतनजोत बीज का सेवन करने से बीमार हुए 10 बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शिशु रोग विशेषज्ञ की देखरेख में सभी बच्चों का इलाज किया गया। बच्चे खतरे से बाहर हैं। उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

### छोटा हाथी की टक्कर से मासूम की मौत

- नवागांव के यादव परिवार में छाया मातम



**कुरूद।** सोमवार की सुबह ग्राम नवागांव (थूहा) में दूध संग्रहण वाहन छोटा हाथी की टक्कर से घर के सामने खेल रहे एक मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पीएम कराने के पश्चात परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रोज की तरह 2 फरवरी को भी दुग्ध संग्रहण वाहन ग्राम नवागांव थूहा पहुंचा। वाहन ने 9 बजे घर के सामने गली में खेल रहे 3 वर्षीय मासूम बालक मुकेश कुमार पिता सत्तू यादव को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कुरूद पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराया। मर्ग कायम कर वाहन और चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# देश की सेवा करते समय संविधान कानून का सम्मान करें : परिहार

- एसपी ने अर्धसैनिक बलों में चयनित युवाओं से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अर्धसैनिक बलों में चयनित 13 नवयुवकों से पुलिस अधीक्षक ने आत्मीय मुलाकात कर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते हुए अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया है।

वर्तमान में धमतरी जिला व आसपास क्षेत्र के 13 नवयुवकों का चयन देश के प्रतिष्ठित अर्धसैनिक बल असम राइफल, सशस्त्र सीमा बल, सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में हुआ है। देश सेवा में चयन होने पर एसपी सूरज सिंह परिहार ने चयनित युवाओं से सभाकक्ष में आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान एसपी ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल संबंधित परिवारों बल्कि पूरे धमतरी जिले के लिए है। इस दौरान धमतरी पुलिस ने चयनित सभी जवानों को अनुशासित, निष्ठावान एवं साहसिक राष्ट्र सेवा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सुरक्षित, सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कमना की।




#### अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा का दिया संदेश

पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने चयनित नवयुवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने प्रशिक्षण काल में पूर्ण अनुशासन एवं धैर्य बनाए रखें। नशा एवं किसी प्रकार की बुरी संगत से पूर्णतः दूर रहकर शारीरिक व मानसिक रूप से स्वयं को सुदृढ़ रखें। देश की सेवा करते समय संविधान, कानून एवं मानवाधिकारों का सम्मान करते हुए कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करें। अपनी कार्यशैली से अपने माता-पिता, जिले एवं राज्य का नाम रोशन करें। उन्होंने यह भी कहा कि अर्धसैनिक बलों में चयन होना कठोर परिश्रम, आत्ममंथन एवं दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। आने वाले समय में यही युवा अन्य नवयुवकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे।

#### अर्धसैनिक बलों में इनका हुआ चयन

अर्धसैनिक बलों में 13 नवयुवकों का चयन हुआ है जिनमें समीर गिरी मुजगहन धमतरी असम राइफल, निरंजन सिंह साहू बागतराई बालोद एसएसबी, शेखर ध्रुव मुजगहन धमतरी बीएसएफ, सोमप्रकाश ध्रुव मुजगहन धमतरी बीएसएफ, हिमांचल माला पुरूर बालोद बीएसएफ, त्रिलोकीनाथ तारम भेजा मैदान बालोद सीआरपीएफ, उत्तम यादव शंकरदाह धमतरी सीआरपीएफ, डेकेश साहू कलारतरई धमतरी-सीआरपीएफ, टिकेश्वर साहू कर्मा चौक धमतरी सीआईएसएफ, पंकज बंजारे हरफतराई धमतरी सीआईएसएफ, दीपेश साहू शंकरदाह धमतरी सीआईएसएफ, राहुल साहू मुजगहन धमतरी सीआईएसएफ एवं खिलेश कुर्रे कोड़ेबोड़ धमतरी का बीएसएफ में चयन हुआ है।

विधायक के हस्तक्षेप से रूकी कार्रवाई, निगम आगे की कार्रवाई के लिए तैयार

# गोकुलपुर में अतिक्रमण हटाने पर हुआ बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गोकुलपुर में एक अतिक्रमण को तोड़ने के दौरान जमकर विवाद हुआ। मकान मालिक का दावा है कि उसके पास मकान का पट्टा सहित अन्य दस्तावेज है, जबकि नगर निगम उसे अतिक्रमण बता रहा है। विधायक के हस्तक्षेप के बाद कार्रवाई रोक दी गई। उधर निगम फिर से कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

गोकुलपुर स्कूल के पास एक मकान को तोड़ने के लिए निगम की टीम पहुंची। तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान मकान मालिक हेमशंकर सोनकर वहां पहुंच गए। कार्रवाई का विरोध करते हुए वे जेसीबी मशीन के सामने लेट गए। इसकी सूचना पाकर विधायक ओंकार साहू भी पहुंच गए जिसके बाद निगम टीम को कार्रवाई रोकनी पड़ी। मकान मालिक श्री सोनकर ने बताया कि उसके पास ▶▶ शेष पेज 12 पर



#### अतिक्रमण ही नहीं, अवैध भी

जिस मकान पर नगर निगम की टीम कार्रवाई कर रही है, वह अतिक्रमण ही नहीं अवैध भी है। इस पर भवन अनुज्ञा नहीं ली गई है। यह स्कूल के गेट के पास बना है, इसलिए भवन अनुज्ञा जरूरी है। निर्माण से नाली भी बंद हो चुकी है। नगर निगम इस पर कार्रवाई करेगा। भवन मालिक को भवन अनुज्ञा ले लेनी चाहिए।

- रामू रोहरा, *महापौर नगर निगम*



## खबर संक्षेप

### भेण्डसर में श्रीराम चरित मानस सम्मेलन 6 से

**अंवरी।** ग्राम पंचायत भेण्डसर में श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक किया जा रहा है। तैयारी में आयोजक समिति, बजरंग दल सेवा समिति व ग्रामवासी जुटे हुए हैं। यह जानकारी संरक्षक दिनेश साहू, अध्यक्ष नरेश साहू ने दी।

## निधन

### श्रीमती सरस्वती बाई पवार



**धमतरी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. केशवराव पवार की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती बाई पवार का सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने 94 वर्ष की आयु में अपने निज निवास मराठापारा वार्ड में अंतिम सांस ली। वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूर्याराव पवार, इंद्रजीतराव पवार, जयाराव पवार, मल्हारराव पवार की माताजी थीं। उनका अंतिम यात्रा आज प्रातः 11 बजे निवास स्थान मराठापारा से शांतिघाट के लिए निकलेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गोकुलपुर में अतिक्रमण हटाने पर हुआ बवाल

भवन का पट्टा है। इसके बाद भी द्वेशपूर्वक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई से पहले उसे नोटिस भी नहीं दी गई है। विधायक ने निगम कर्मचारियों से नोटिस दिखाने की मांग की, पर वे नोटिस नहीं दिखा पाए। इसके बाद विवाद काफी बढ़ गया। स्थिति झूमाझटकी तक पहुंच गई। सिटी कोतवाली प्रभारी राजेश मरई के हस्तक्षेप पर मामला शांत हुआ। मकान मालिक ने बताया कि सालभर पहले भी इस निर्माण पर नगर निगम ने कार्रवाई की थी। इसके बाद यहां पर कोई निर्माण नहीं किया गया है। अब फिर से नगर निगम की टीम कार्रवाई करने के लिए पहुंची है। इस गलत कार्रवाई से हुए नुकसान की भरपाई कौन करेगा। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि निगम टार्गेट बनाकर कार्रवाई कर रहा है। मकान मालिक के पास पट्टा सहित अन्य दस्तावेज है, इसके बाद भी कार्रवाई की गई है।

---

दो दिनों के भीतर मांग पूरी नहीं हुई तो करेंगे चक्काजाम

# कुहकुहा में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे 5 गांव के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन केंद्र कुहकुहा में भौतिक सत्यापन के बाद भी धान खरीदी नहीं करने से नाराज किसानों ने पिछले तीन दिन से सोसाइटी के सामने उपज बेचने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही एक दो दिन में चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा कुरूद के अधीनस्थ कुहकुहा सोसाइटी पंजीयन क्र. 270 अंतर्गत आने वाले पांच गांव भरदा, कुहकुहा, मेंडरका, दहदहा और मौरीखुर्द के किसानों ने धान खरीदी न होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है। धरने पर बैठे किसानों का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, लेकिन इसके बावजूद अब तक टोकन जारी नहीं किए गए हैं, जिससे उनकी उपज की खरीदी नहीं की जा रही है। किसान खेमलाल साहू,



नवलकिशोर साहू, संजय देवसिंग, केशव देवसिंग, हेमशंकर चंद्राकर, विशंभरराम प्रसाद, हिरी बाई ठाकुर का कहना है कि धान उपार्जन की समय-सीमा समाप्त कर दी गई है, लेकिन टोकन न मिलने के कारण वे अपनी फसल बेचने से वंचित हो गए हैं।

पीड़ित किसानों ने स्पष्ट किया है कि यदि अविलंब धान की खरीदी शुरू नहीं की गई, तो वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहेंगे। वहीं किसानों ने कुरूद-राजिम मार्ग पर ग्राम कुहकुहा के पास मार्ग अवरुद्ध कर चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी है। उन्होंने घोषणा की है कि किसी भी अप्रिय स्थिति या कानून-व्यवस्था बिगड़ने की संपूर्ण जवाबदेही स्थानीय प्रशासन की होगी। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की निर्धारित अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 थी, जिसे बढ़ाने की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में किसान संगठन और विपक्षी दल प्रदर्शन कर रहे हैं।

## नि:शुल्क गैस सिलेंडर पाकर ग्रामीणों में खुशी की लहर

- सिवनीकला में 110 हितग्राहियों को मिला प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिवनीकला में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एक साथ दर्जनों हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। 30 जनवरी को गांव के चम्पेश्वर पारा में सभी पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क एलपीजी गैस का कनेक्शन वितरित किया गया। ये गैस कनेक्शन परिवार की महिला मुखिया के नाम पर जारी किए जा रहे हैं।

प्रथम चरण में सिवनीकला में 110 पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन मिलने से



खुशी की लहर दौड़ गई है। इसके बाद और लगभग 40 हितग्राहियों को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन वितरण किया जाएगा। इस योजना में लगभग 367 रूपये की सब्सिडी भी दी जा रही है। सिलेंडर रिफिल कराने में भी पैसे की बचत भी हो रही है और कम दाम पर सिलेंडर उपलब्ध मिल पा रहा है।

सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, टकेश्वर चंद्राकर, टेकराम साहू जनपद सदस्य, सुशील साहू ने बताया कि भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ गांव के सभी पात्र परिवारों को जमीनी स्तर पर लाभ मिल सके इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस योजना से सभी को अवगत कराया और पात्र परिवारों को लाभान्वित कराने लगातार प्रयासरत रहे। परिणामस्वरूप प्रथम चरण में ग्राम सिवनीकला के 110 परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ मिल पाया। इसके अलावा और भी पात्र हितग्राहियों को इसी महीने निःशुल्क गैस सिलेंडर वितरित किया जायेगा।

इस अवसर पर सुशील साहू, विक्रम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष, डॉ कपिलदेव पटेल, डॉ सुरेश तारक ग्राम पटेला, चंद्रप्रकाश साहू सिवनीकला सोसायटी अध्यक्ष, लोमश साहू पंच, राधिका पटेल पंच, सुरेश साहू, सरस साहू पंच, कुंजीलाल साहू, खिलावान चंद्राकर, दिलेश्वर साहू, डिलेन्द्र यादव, तोषू साहू, ललित पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

**ये हुए लाभान्वित**

कल्याणी साहू, धनेश्वरी पटेल, लक्ष्मी यादव, गायत्री डांडे, सियाबाई साहू, माधुरी तारक, सुमन कुर्रे, रेवती कुर्रे, भोजमति साहू, परमेश्वरी, विनीता महार, नंदनी बाई साहू, गोदावरी तारक, शांतिबाई ध्रुव, पार्वती बाई यादव, भोजेश्वरी बाई, मीना साहू, जानकी साहू, कृष्णा कुमारी, लेखमती पटेल, बिसनी पटेल, रूक्मणि निर्मलकर, फूलकुंवर पाल, गंगा जांगड़े, ललिता, रेणु महार, मेनका, फुलेश्वरी, रेणुका, पद्मनी साहू, सरस साहू, सीमा पाल, संजू बाई, सेवती बाई, टिकेश्वरी साहू, भगवती, किरण तारक, भुनेश्वरी यादव, रेखा निर्मलकर, यशोदा साहू समेत 110 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं।

## विहिप, बजरंग दल ने मनाई संत रविदास जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा 1 फरवरी को संत रविदास जयंती मनाई गई। रविदास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर भजन कीर्तन, आरती पूजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला सामाजिक समरसता प्रमुख टामेश्वर सिंह ठाकुर ने संत रविदास के जीवन चरित्र, शिक्षा पर प्रकाश डाला। जात-पात और और उंच नीच के भेदभाव को मिटाकर हिंदू समाज को संगठित होने का आह्वान किया। मौके पर बजरंग दल जिला संयोजक रविकुमार, प्रखंड संयोजक छत्रपाल साहू, जिला सेवा प्रमुख मुरलीधर जगत, जिला बौद्धिक प्रमुख कामता प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष सनतकुमार, नगर अध्यक्ष अजय साहू, खम्हन प्रसाद दुबे, ज्ञानेश्वर साहू, राजेश यादव, सचिन उपस्थित थे।

## छाती सोसाइटी में 79,813 क्विंटल 60 किलो धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

समर्थन मूल्य खरीदी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र छाती में धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 79,813 क्विंटल 60 किलो धान की खरीदी की गई, जिसमें 1654 किसान सदस्यों ने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया। धान खरीदी की कुल राशि लगभग 18 करोड़ 90 लाख रुपये रही, जबकि किसानों से 3 करोड़ 30 लाख रुपये की ऋण वसूली की गई। खरीदे गए धान में से 45,929.40



क्विंटल का परिवहन किया गया तथा 33,884 क्विंटल धान शेष रहा।

यह संपूर्ण प्रक्रिया छत्तीसगढ़ शासन, जिला प्रशासन, डीआर, जिला विपणन खाद्य अधिकारी, नोडल अधिकारी, शाखा प्रबंधक, प्राधिकृत सुपरवाइजर, समिति स्टाफ, किसान, जनप्रतिनिधि, हेमाल, पटवारी, आरईओ, कोटवार आदि के प्रत्यक्ष सहयोग से हुई। यह जानकारी समिति प्रबंधक नरेंद्र साहू द्वारा दी गई।

## तरसींवा आंगनबाड़ी भवन का रंजना ने किया लोकार्पण

- रंजना साहू ने कहा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव की ओर एक महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत तरसीवां में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू रहीं। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर नवीन भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच झमित उमेश साहू ने किया। लोकार्पण उपरांत नवीन भवन को देखकर आंगनबाड़ी में अध्ययनरत



नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बन रही थी। बच्चों के लिए सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त भवन मिलने से ग्रामीणों में भी हर्ष है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के जीवन की पहली पाठशाला होते हैं, यहीं से उनके शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास की नींव पड़ती है। राज्य की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बेहतर भवन और सुविधाएं उपलब्ध कराना बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि नवीन भवन में बच्चों को स्वच्छ वातावरण, सुरक्षित स्थान और सीखने के बेहतर अवसर मिलेंगे, यह केंद्र माताओं और बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में केशव राम साहू, अजब नेताम, दीपेश्वरी साहू, सुरेंद्र चंद्राकर, भुनेश्वर साहू, कु. काजल साहू, श्रीमती कमला निषाद, श्रीमती रश्मि साहू, श्रीमती विमला साहू, श्रीमती सरस्वती साहू, श्रीमती सावित्री साहू, श्रीमती बिंदिया यादव, श्रीमती राधा साहू, श्रीमती माया साहू, लखन कुमार सिदार, सुखदेव राम पटेल एवं गोविंद ओझा सहित जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

वन बंधु परिषद एवं फ्रेंड्स ऑफ ट्रायबल्स समिति रायपुर चैप्टर द्वारा महानदी दर्शन वन यात्रा का आयोजन

## संसाधनों की कमी प्रतिभा की राह नहीं रोक सकती

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

वन बंधु परिषद एवं फ्रेंड्स ऑफ ट्रायबल्स समिति रायपुर चैप्टर द्वारा एकल विद्यालय ग्राम भीरागांव तथा महानदी दर्शन वन यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य सुदूर वनांचल में निवासरत बच्चों व ग्राम समाज से शहरी समाज का सीधा संवाद स्थापित करना रहा। यह दृश्य विरल ही होता है जब शहरी संपन्न समाज वनांचलों में रह रहे अपने पूर्वजों के वंशजों से मिलने उनके गांव तक पहुंचता है।

युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद जी के विचार यदि बच्चे विद्यालय तक नहीं पहुंच सकते, तो विद्यालयों को बच्चों तक पहुंचना होगा को साकार करता यह अभियान जनसहयोग से निरंतर आगे बढ़ रहा है। वन यात्रा का प्रथम विश्राम बजरंग चौक नगरी में हुआ जहां एकल संच नगरी के कार्यकर्ताओं ने वन यात्रियों का पुष्पवर्षा व तिलक कर आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उद्योगपति विरेंद्र गोयल (रायपुर, प्रकल्प सह प्रभारी दीपक भीमसरिया, युवा समिति अध्यक्ष दिव्यम अग्रवाल, सहसचिव अमित अग्रवाल, सचिव चंदन जैन सहित अनेक समाजसेवी, युवा उद्यमी एवं सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा एकल विद्यालय के विद्यार्थियों एवं ग्राम समिति के सदस्यों को शैक्षणिक व उपयोगी उपहार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा बाल आनंद मेला, योग प्रदर्शन, श्लोक पाठ, नृत्य-नाटिका, रेला पाटा एवं संस्कार शिक्षा की प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा ने यह सिद्ध कर दिया कि संसाधनों की कमी प्रतिभा की राह नहीं रोक सकती। सभी वन यात्रियों ने बच्चों के साथ छत्तीसगढ़ी व आदिवासी नृत्य में सहभागिता कर कार्यक्रम को स्मरणीय बना दिया।

## रासेयो व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाती है

- कुसुमलता व दीपांशु को शिविर में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का अवॉर्ड मिला
- महामाई मंदिर प्रांगण फरसियां में सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां का महामाई मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर प्राचार्य नीरज सोन के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू, सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल सिंह साहू के दिशा निर्देश में संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकालकर लोगों को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने और



सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू व सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल सिंह साहू ने बताया कि स्वयंसेवक सात दिनों तक एक निश्चित समय चक्र में बंधे हुए थे, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः कालीन जागरण पश्चात निर्राबेड़ा नयापारा व फ़रसियां में प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक किया। बौद्धिक परिचर्चा अंतर्गत रासेयो में व्यक्तित्व निर्माण विषय पर रविशंकर साहू व्याख्याता व महेंद्र बोरझा प्रधानपाठक ने और नशामुक्ति पर हरकलाल साहू रिटायर्ड व्याख्याता ने विचार व्यक्त किए।

संध्या में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। समापन समारोह के अतिथि केशव टेकाम ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमारे व्यक्तित्व के विकास में बहुत अहम भूमिका निभाती है। महामाई मंदिर समिति फ़रसियां के अध्यक्ष जवाहर ध्रुव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, समर्पण और अनुशासन की भावना विकसित करती है। प्रयाग बिसेन ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सात दिवसीय शिविर ने समाज में जागरूकता का संदेश दिया है। प्राचार्य नीरज सोन ने कहा कि रासेयो व्यक्तित्व विकास व प्रतिभा को निखारने का मंच है।

शिविर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवक कुसुमलता ध्रुव व दीपांशु कश्यप को उत्कृष्ट स्वयंसेवक का अवॉर्ड दिया गया। स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में चंद्रिका प्रसाद साहू, शिवदयाल साहू, त्रिलोक साहू, सुभाष कश्यप, सुदर्शन चनाप, हरकराम साहू, मीना शांडिल्य, दीनदयाल ग्वाले, गजानन कश्यप, राधेश्याम साहू, हीरालाल ध्रुव, हुलासराम चिन्डा, भीमसेन गजेंद्र, व्याख्याता निरुपमा श्रीमाली, किरण श्रीमाली, लोमश पटेल, प्रेमलाल ध्रुव, अरविंद सोम, रेणु सोम, अंजना लावत्रे, देवयानी सोम, शिल्पा मानिकपुरी का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल सिंह साहू ने किया।

दरबा में संगीतमय शिवमहापुराण का हो रहा आयोजन

# कुबेर का अहंकार भगवान शिव ने तोड़ा : अमित सरस

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम दरबा में चल रहे संगीतमय शिवमहापुराण के पंचम दिवस कथाकार पं अमित सरस भारती झा पलारी ने कथा के माध्यम से अहंकार भाव से होने वाले नुकसान को बताते हुए कहा कि कुबेर तीनों लोकों में सबसे धनी थे। एक दिन उन्होंने सोचा कि हमारे पास इतनी संपत्ति है, लेकिन कम ही लोगों को इसकी जानकारी है। इसलिए उन्होंने अपनी संपत्ति का प्रदर्शन करने के लिए एक भव्य भोज करने सोचा। तीनों लोक के सभी देवताओं को आमंत्रित किया। भगवान शिव उनके इष्ट देवता थे, इसलिए उनका आशीर्वाद लेने वह कैलाश पहुंचे और कहा, प्रभु। अपने निवास पर





एक भोज का आयोजन करने जा रहा हूं, कृपया आप परिवार सहित भोज में पधारने की कृपा करे। भगवान शिव कुबेर के मन का अहंकार ताड़ गए, बोले, वत्स। मैं कहीं बाहर नहीं जाता। कुबेर गिड़गिड़ाने लगे और कहा आपके बगैर तो मेरा सारा आयोजन बेकार चला जाएगा। तब शिवजी ने कहा, एक उपाय है। मैं अपने छोटे बेटे गणपति को भेज दूंगा। नियत समय पर कुबेर ने भोज का आयोजन किया। तीनों लोक के देवता पहुंचे। अंत में गणपति आए और आते ही कहा, मुझे तेज भूख लगी है। भोजन कहां है। कुबेर उन्हें भोजन से सजे कमरे में ले गए। सोने की थाली में भोजन परोसा गया। क्षणभर में ही परोसा गया सारा भोजन खत्म हो गया। दोबारा खाना परोसा गया, उसे भी खा गए। बार-बार खाना परोसा जाता और क्षण भर में गणेशजी उसे चट कर जाते। थोड़ी ही देर में हजारों लोगों के लिए बना भोजन खत्म हो गया, लेकिन गणपति का पेट नहीं भरा। वे रसोईघर में पहुंचे और वहां रखा सारा कच्चा सामान भी खा गए, तब भी भूख नहीं मिटी। जब सब कुछ खत्म हो गया तो गणपति ने कुबेर से कहा, जब तुम्हारे पास मुझे खिलाने के लिए कुछ था ही नहीं तो तुमने मुझे न्योता क्यों दिया था। कुबेर का अहंकार चूर-चूर हो गया।

इस अवसर पर डॉ. मनोज साहू, दिव्या साहू, गुलशन साहू, पूजा साहू, कौशलेश आडिल, नंदिनी आडिल, रामखिलावन साहू, ह्यूमन साहू, चंद्रप्रकाश साहू, कौशल्या साहू, कमलेश साहू, कौशल्या साहू, मेहताब साहू, पायल साहू, उदय साहू, गंगा साहू, जीवन देवांगन, नित्य देवांगन, सनत साहू, आशाबाई साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## सोलर पैनल लगाने वाले उपभोक्ताओं का हुआ सम्मान

- बेलरगांव वितरण केंद्र में मनाया गया छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के वितरण केंद्र बेलरगांव द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर छ.ग. स्टे.पां.डि.कं. लिमि. उपसंभाग बेलरगांव के सहायक अभियंता कोमेन्द्र ध्रुव, सरपंच एवं जनपद सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कनिष्ठ अभियंता अविनाश नागेश्वर ने शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं



को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिसमें 1 किलोवाट पर 45,000, दो किलोवाट पर 90,000 तथा तीन किलोवाट पर 1,08,000 तक का अनुदान शामिल है। 10 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने उपभोक्ताओं से घर में सोलर पैनल लगाने की अपील की।

रजत महोत्सव के अवसर पर सोलर पैनल लगाने वाले उपभोक्ताओं सेमरा के रघ्घू देवांगन, बेलरगांव के ललित देवांगन, सालिकराम साहू, भुरसीडोंगरी के मनीराम साहू, बिरगुड़ी के रवीन्द्र गौर, संतोष नाग सहित एकलबत्ती, घरेलू, गैर-घरेलू एवं कृषक जीवन ज्योति योजना के कृषि पंप उपभोक्ताओं का सम्मान कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मौके पर वितरण केंद्र बेलरगांव के स्टाफ सत्येन्द्र साहू, मिथिलेश भूआर्य, राज मार्कण्डेय, जितेश साहू, डोमेश कुमार, खिरभान शांडिल्य, नूतन साहू, गणेशराम, गोरखनाथ पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### रावनगुड़ा में माता सत्ती के दरबार में हुई पूजा





**सिर्री।** ग्रामीणों द्वारा इस वर्ष भी ग्राम रावनगुड़ा में माता सत्ती के दरबार में माघ पूर्णिमा पर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। प्रसादी का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने गांव, समाज और विश्व के कल्याण के लिए हवन पूजन किया। इस अवसर पर बाल समाज के अध्यक्ष राजेश साहू, नरेश साहू, आकाश साहू, प्रमोद साहू, भूषण साहू, शीतल साहू, मोकेन्द्र साहू, चंदन साहू, इंद्रजीत साहू, जीवन साहू, परमेश्वर यादव, शांतनु यादव, विजय यादव मौजूद थे।

### नन्हे कलाकारों के कला प्रदर्शन ने मन मोहा



**कुकरेल(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर सलोनी के नन्हे कलाकारों ने गणतंत्र दिवस पर बारहमासी गीत, नृत्य तथा प्रहसन में धान खरीदी में किसानों के दर्द के बारे में बताया। नशेड़ी खुद तथा अपने परिवार को कैसे बर्बादी की राह में ले जा रहे हैं। इस प्रहसन ने खूब तालियां बटोरी। नृत्यांगना येणु नागेश, डिम्पल कंवर, खुशी निषाद एवं केशनी धृतलहरे को एक हजार की नगद राशि से पुरस्कृत किया। संस्था के प्रधानाचार्य मनोहर दास मानिकपुरी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विवेकानंद वार्ड में हुआ एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ



**धमतरी।** गायत्री महिला मण्डल धमतरी द्वारा विवेकानंद वार्ड कालोनी निवासी प्रदीप देवांगन एवं श्रीमती नमिता देवांगन के निवास पर पिछले पांच दिनों से चलाये जा रहे सवा लाख गायत्री महामंत्र के साधना अभियान को लेकर माघ पूर्णिमा के दिन एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य संदीप देशमुख ने पूर्णाहुति कराई। परिजनों द्वारा उनकी सुख समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना की गई। मौके पर प्रदीप देवांगन, नमिता देवांगन, पद्मिनी साहू, सुशीला छाटा, सावित्री पटेल, गीता साहू, अलका तारम, चमेली साहू, साक्षी देशमुख, रुक्मिणी साहू, चन्द्रप्रभा साहू, जिला समन्वयक दिलीप नाग, एलके यादव सचिव भासं ज्ञान परीक्षा, मोहन गंजीर कोषाध्यक्ष उपस्थित थे।

### राजपुर में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में गणतंत्र पर्व मनाया गया। शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय प्रांगण, पंचायत कार्यालय, टिकरापारा चौक में सरपंच जामबाई सिन्हा, नवाडीह स्कूल में उपसरपंच मुकेश सिन्हा, तिरंगा चौक में पंच ताराबाई सिन्हा, बड़ाईपारा में पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष जनक सिन्हा तथा यात्री प्रतीक्षालय में ग्रामीण अध्यक्ष देवनारायण साहू ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान का गायन किया। विद्यार्थियों ने बैंड बाजे के साथ कदमताल करते हुई प्रभातफेरी निकाली। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविता, छत्तीसगढ़ी गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद, पंचायत पदाधिकारी, कोटवार रमेश गंधर्व, सचिव हेमलाल यादव, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मुस्कान को मिला बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड

- गैलेक्सी स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने किया होलिका नाटक का मंचन

**मगरलोड।** गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड में वार्षिक उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लीलेश साहू थी। अध्यक्षता देव साहू सचिव गैलेक्सी शिक्षण समिति कुरूद ने की। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष रूक्मणि सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू, पार्षद सुरेश साहू, बीईओ मनीष ध्रुव, बीआरसी टामेश्वर सिंह ठाकुर, घनश्याम बिंझेकर अध्यक्ष पालक समिति, पार्षद चेतन बिंझेकर रहे। प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा रिकॉर्डिंग डांस, नाटक प्रस्तुत किया गया। मिडिल, हाई सेकेंडरी के बच्चों ने गीत, रिकॉर्डिंग डांस एवं प्रहसन अदालत में होलिका नाटक का मंचन कर सामाजिक समरसता एवं एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में पीपी वन से लेकर कक्षा 12 वीं तक के बच्चों को प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों को प्रमाण- पत्र एवं मोमेंट व मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड से मुस्कान साहू कक्षा 12वीं गणित को सम्मानित किया गया। राज्यपाल पुरस्कृत स्काउट गाइड के बच्चों का भी सम्मान किया गया। जंबूरी दुधली जिला बालोद में सम्मिलित स्काउट गाइड के बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल पुरस्कार के बच्चों को मानसिंह कपूर भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ मगरलोड सचिव द्वारा सम्मानित किया गया। गणेश्वर साहू स्काउट गाइड एवं पुष्पलता साहू गाइडर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। मंच संचालन एसएल साहू तथा आभार व्यक्त प्राचार्य आरके निषाद ने किया।

### भारतीय संविधान हमें समानता की राह दिखाता है

**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने कहा कि भारतीय संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों पर आधारित एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण की राह दिखाता है। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए शिक्षा, अनुशासन और सेवा के माध्यम से राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों एवं कविताओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी गईं।

---

सर्वसमाज महासभा तथा ब्राम्हण समाज ने संशोधन करने, पिछड़ा वर्ग संघ ने तत्काल लागू करने की मांग की

# यूजीसी पर संगठनों की अलग-अलग राय








हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी के नए कानून पर संगठन और समाज की अलग अलग मांगें हैं। सर्वसमाज समन्वय महासभा, ब्राम्हण समाज यूजीसी में संशोधन चहता है वहीं अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ ने इसे लागू करने के लिए हल्ला बोला।

सर्वसमाज समन्वय महासभा छग सामाजिक लोकतंत्र ने सोमवार को कलेक्टोरेट में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा कि यूजीसी द्वारा अधिसूचित भारत सरकार की गजट उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने और सभी विद्यार्थी, शिक्षकों, कर्मचारियों के लिए समान, गरिमापूर्ण एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है।

रेग्युलेशन में एससी, एसटी, ओबीसी महिला एवं पीडब्लूडी वर्ग के न्यूनतम प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया गया है। गजट में सामान्य वर्ग के सदस्यों का स्पष्ट समावेश उल्लेखित नहीं है जिसमें व्याख्यात्मक भ्रम उत्पन्न हो सकता है। संभव है कि कुछ विश्वविद्यालय एवं संस्थान इस वर्ग के योग्य सदस्यों, शिक्षकों को समिति में शामिल न करें। रेग्युलेशन के क्रियान्वयन में निष्पक्ष सुनवाई, प्राकृतिक न्याय, पक्षपात रहित निर्णय सम्मानजनक व्यवहार एवं प्रक्रियात्मक पारदर्शिता के सिद्धांतों के अनुरूप हो।

इसका दुरुपयोग किसी के विरूद्ध दुर्व्यवहार, प्रशासनिक दबाव, दुर्भावना या झूठे आरोपों के लिए नहीं होना चाहिए। महासभा ने सुझाव दिया है कि जनरल केटेगिरी के योग्य सदस्य अनिवार्य रूप से शामिल हो। शिकायत का निस्तारण तक्ष्यात्मक जांच और निष्पक्ष सुनवाई के बाद हो। दुर्भावना से प्रेरित, झूठा आरोप लगाने वाले के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में महासभा के जिलाध्यक्ष पदमनी चंद्रकर, सरोज देवांगन, विनय पदमवार, चंद्रकला पटेल, दिलीप पटेल आदि थे।

#### ब्राम्हण समाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

जिला ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष राकेश दीवान, महासचिव विनोद पांडे, पुष्पेंद्र बाजपेयी ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि जातिगत भेदभाव रोकने के उद्देश्य, उच्च शिक्षण संस्थाओं में समानता को बढ़ावा देने यूजीसी में नए नियम 13 जनवरी 2026 से प्रभावशील हो गए हैं। नए नियम में सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के विरुद्ध अजा, अजजा, ओबीसी छात्रों द्वारा लगाए गए आरोपों पर सीधी कार्रवाई होनी है। इसमें पक्ष रखने का कोई अवसर प्रदान नहीं करना प्राकृतिक न्याय का हनन है। उक्त नियम में समानता का अधिकार अंतर्गत स्वर्ण समुदाय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों के हित में आंशिक सुधार किया जाना चाहिए।

#### यूजीसी लागू करने पिछड़ा वर्ग ने बोला हल्ला

अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ की जिला इकाई ओबीसी संयोजक समिति के थानसिंह चंद्राकर, छानेश चंद्राकर, एसआर सिन्हा, षडानंद साहू, नेकराम साहू, रामविशाल साहू, सतवंत महिलांगे सहित दो दर्जन सदस्यों ने कलेक्टोरेट में हल्ला बोला। संघ ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को लिखा ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर पवन प्रेमी को सौंपा जिसमें उच्चशिक्षा में सामाजिक न्याय के लिए यूजीसी को लागू करने की मांग करते हुए सामाजिक न्याय के लिए यूसीजी के प्रयासों का समर्थन किया है। ज्ञापन में कहा है कि उच्च शिक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में यूजीसी द्वारा उठाए जा रहे सामाजिक न्यायोमुख सकारात्मक कदम संविधान सम्मत एवं सराहनीय है। इसका पुरजोर समर्थन करते हुए तत्काल प्रभाव से यूजीसी को लागू कर 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की है। इसके अलावा आगामी जाति जनगणना में ओबीसी के लिए पृथक कॉलम जोड़कर अपिव का सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक आंकड़े सार्वजनिक किए जाए तथा प्राप्त आंकड़ों के आधार पर नीतियां, आरक्षण एवं कल्याणकारी योजना बनाने की मांग की है।

---

## भगवान केवल प्रेम के भूखे होते हैं : सर्वेश्वरानंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम भेण्डसर में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 27 जनवरी से 3 फरवरी तक लोकेश्वर साहू द्वारा अपने माता-पिता स्वर्गीय पुनारद राम साहू एवं स्वर्गीय नीरा बाई साहू की स्मृति में किया गया है।

ज्ञान यज्ञ में कथावाचन के लिए सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय संत सर्वेश्वरानंद सरस्वती महाराज, चित्रकूट (मध्य परदेश) पधारे हैं। कथा के सातवें दिन उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा अंतर्गत सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कथावाचक ने सुदामा चरित्र के माध्यम से सच्ची मित्रता, संतोष और निष्काम भक्ति का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता इस बात का प्रतीक है कि भगवान केवल प्रेम के भूखे होते हैं। निर्धन सुदामा बिना कुछ मांगे केवल मित्र से मिलने द्वारका पहुंचे, जहां श्रीकृष्ण ने उनके चरण अपने आंसुओं से धोकर उन्हें अपार सम्मान दिया और बिना मांगे ही उनकी दरिद्रता दूर कर दी। परीक्षित मोक्ष प्रसंग में उन्होंने बताया कि श्रृंगी ऋषि के श्राप से भयभीत राजा परीक्षित ने शुकदेव जी से सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। कथा श्रवण से उनके मन से मृत्यु का भय समाप्त हो गया और तक्षक नाग के दंश के बाद भी उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। यह प्रसंग ज्ञान और भक्ति की सर्वोच्च शक्ति को दर्शाता है। आयोजन में लोकेश्वर प्रसाद साहू, डिगेश्वरी साहू, कुमारी मोनिका, कुमारी काजल, गगन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का लाभ लिया।

## सोलर प्लांट स्थापित करने वाले उपभोक्ता हुए सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)

छग राज्य निर्माण के पश्चात 2000 में छग राज्य विद्युत मण्डल निर्माण एवं इसके 25 वर्ष पूर्ण होने पर विद्युत कम्पनी में राज्यभर में 30 जनवरी से 6 फरवरी तक रजत जयंती का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 31 जनवरी को कुकरेल वितरण केन्द्र में रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगेश तारम सहायक यंत्री (उपसंभाग धमतरी ग्रामीण) एवं कुकरेल वितरण केन्द्र के कनिष्ठ यंत्री राजेन्द्र कुमार साहू, केरेगांव वितरण केन्द्र के कनिष्ठ यंत्री नेहांश कुमार मारकण्डे, रामगोपाल साहू, प्रेमलाल साहू. मनोज साहू, पुलेश साहू, भरत खरे, हिमन मानकर, तेजेन्द्र साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि, भीषम कुमार साहू, कुकरेल सरपंच ओंकार नेताम, उपसरपंच अशोक यादव, सहदेव नेताम सरपंच माकरदोना, सेवकराम साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित थे। समय पर बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ता कुलदीप सिन्हा, शिवकुमार साहू, रेवाराम साहू, टंकेश्वर सिन्हा, तिलकराम देवागंन को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत सोलर प्लाट स्थापित करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया।

**बिजनेस साइट**

## समय से पूर्व जन्मे शिशु को मिली नई जिंदगी

- डॉक्टर सीएल साहू और एनसीयू स्टाफ की मेहनत रंग लाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

चिकित्सा क्षेत्र में एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है, जहां समय से पहले जन्मे अत्यंत कमजोर शिशु को डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की सतर्क देखभाल से नया जीवन मिला। कोंडागांव जिले के ग्राम चिडली निवासी बेबी ऑफ जीनू मांडवी (पति रामलाल मांडवी) को 4 नवंबर 2026 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

बताया गया कि शिशु का जन्म मात्र 7 माह में ही हो गया था और जन्म के समय उसका वजन केवल 1 किलो 100 ग्राम था। जन्म के बाद बच्चे को सेप्टीसीमिया (संक्रमण) की गंभीर समस्या भी हो गई थी, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। इलाज के दौरान बच्चे को दो बार रक्त (ब्लड) तथा दो बार प्लेटलेट्स चढ़ाना पड़ा।

लगातार निगरानी, उपचार और विशेष देखभाल के कारण शिशु की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होने लगा। डॉक्टरों और एनसीयू (नवजात शिशु देखभाल इकाई) की टीम की मेहनत रंग लाई और बच्चे का वजन बढ़कर 1 किलो 600 ग्राम हो गया। इसके बाद 1 फरवरी को बच्चे को स्वस्थ स्थिति में छुट्टी दे दी गई।

इस सफल उपचार में डॉ. सीएल साहू का विशेष मार्गदर्शन रहा। साथ ही एनसीयू स्टाफ की डिंपल मरकाम, उन्नति यादव, अंकिता यादव, ज्योति चौधरी एवं अन्य कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। परिजनों ने चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे किसी चमत्कार से कम नहीं बताया।

## कर्णेश्वर मेला में उमड़ा जनसैलाब, देव मड़ई हुई

- दूर-दूर से आये देवी-देवताओं का ट्रस्ट ने किया स्वागत
- मेले में छोटे बच्चों ने रेलगाड़ी, झूले का आनंद उठाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कर्णेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को देव मड़ई का आयोजन हुआ। हजारों दर्शनार्थियों सहित सीमावर्ती राज्य ओडिशा, बस्तर व अंचल के कोने-कोने से आये आंगा देव समेत देवी देवताओं ने अपने पूरे स्वरूप डांग डोली बाना के साथ मन्दिर परिसर में खम्बेश्वरी में जोहार भेंटकर मेले की ढाई परिक्रमा की।

कर्णेश्वर मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैस, संरक्षक कैलास पवार, उपाध्यक्ष रवि ठाकुर रवि दुबे, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सहसचिव मोहन पुजारी, राम भरोसा साहू, शिवकुमार परिहार, गगन नाहटा, रामलाल नेताम, होरीलाल पटेल ने फूलमाला पहनाकर व नारियल भेंटकर सम्मान किया। कर्णेश्वर महादेव मन्दिर में लोगों ने लंबी कतार लगाकर दर्शन किए ।पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहा।



स्कॉउट गाइड के छात्र छात्राओं ने मन्दिर परिसर सहित भोजन शाला में भोजन परोसने में सहयोग प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग स्टाल लगाकर प्राथमिक उपचार में लगे रहे। नगर पंचायत नगरी ने टेंकर में पानी की व्यवस्था कराई। लोगों ने क्राफ्ट बाजार, मीना बाजार, मौत का कुआं, झूला का लुत्फ उठाया। रात्रि में छतीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झरोखा नाइट का मंचन हुआ।

मौके पर सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, रामप्रसाद मरकाम, टिकेश्वर ध्रुव, नागेन्द्र शुक्ला, शिवकुमार परिहार, कमलेश मिश्रा, प्रेमलता नागवंशी, देवेंद्र साहू, अश्वनी निषाद, ललित शर्मा, कमल डागा, नोहर साहू, छबि ठाकुर, योगेश साहू, अमरसिंह पटेल, अंजोर निषाद, रवि भट्ट, दीपक यदु, सचिन भंसाली, महेंद्र कौशल, प्रताप सुरेशा, मिलेश साहू, बबलू गुप्ता, ललित निर्मलकर, ईश्वर जांगड़े, अनिरुद्ध साहू, दुर्गेश साहू, कैलाश प्रजापति, दीपक यदु, प्रकाश सार्वा, राकेश चौबे, नरसिंह मरकाम, मोहन नाहटा, बंटी जैन, टेश्वर ध्रुव समेत अन्य जुटे रहे।

## आनंद मेला से छात्र-छात्राओं में व्यापार की समझ बढ़ती है : पाठक

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आनंद मेला का शुभारंभ प्राचार्य डा विनोद कुमार पाठक ने रिबन काटकर किया। अपने व्यक्तव्य में उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में आयोजित आनंद मेला छात्रों में व्यवसायिक कौशल, टीमवर्क और व्यवहारिक ज्ञान का एक जीवित मंच है जहां विद्यार्थी स्टाल लगाकर विभिन्न व्यंजन बेचते है। यह आयोजन व्यापारिक प्रतिस्पर्धा, प्रबंधन और आर्थिक समझ बढ़ाने का अनूठा अवसर प्रदान करता है। छात्रों द्वारा 20 से अधिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। मेले में व्यापारिक कौशल के साथ-साथ मनोरंजन और स्वादिष्ट व्यंजनों का संगम देखने को मिला। मेले के माध्यम से छात्र-छात्राएं न केवल सामान का विक्रय करना सीखेंगे, बल्कि विभिन्न व्यंजनों का भी आनंद ले सकेंगे। निर्णायक समिति में श्रीमती ग्रेस कुजूर, श्रीमती जयश्री पंचागम एवं राजेश चौरसिया रहे। स्टाल एक हेमा एवं साथी प्रथम , स्टाल सात विद्या एवं साथी द्वितीय तथा स्टाल नौ सागर एवं साथी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

आवश्कता है
लक्की भोजनालय
नया बस स्टैण्ड, धमतरी
मो. 7000272137

| योग्यता | पद | वेतन |
|---|---|---|
| रोटी मिस्त्री......... | 1 | 8000 से योग्यतानुसार |
| हेल्पर.............. | 2 | 6000 से योग्यतानुसार |
| वेटर............... | 2 | 6000 से योग्यतानुसार |

टीप : अनुभवी को प्राथमिकता, रहने की व्यवस्था।

पवित्र जल (पानी फैक्ट्री)
गुजराती कॉलोनी, धमतरी
मो . 7000272137

| योग्यता | पद | वेतन |
|---|---|---|
| मशीन ड्रायवर (12वीं पास) | 1 | 6000 से 10000 |
| लेबर वर्क (8वीं पास) | 2 | 6000 से 7000 |
| सेल्समेन (12वीं पास) | 2 | 6000 से योग्यतानुसार |

टीप : महिला व पुरूष दोनों आवेदन कर सकते हैं।
धमतरी लोकल को प्राथमिकता, रहने-खाने की सुविधा।

## खबर संक्षेप

### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम है केंद्रीय बजट : मोटवानी



**धमतरी।** केंद्रीय बजट 2026 को देश के समग्र विकास, आमजन के उत्थान और आत्मनिर्भर भारत की सोच को साकार करने वाला बताते हुए नगर निगम लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी ने इसका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप संतुलित और दूरदर्शी है, जिसमें हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। श्री मोटवानी ने बताया कि बजट में छोटे शहरों व नगरीय निकायों के लिए विशेष पैकेज स्वागतयोग्य है, जिससे बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना का तेजी से विकास होगा। आम जनता को राहत देते हुए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, आयकर अधिनियम के सरलीकरण तथा डायबिटीज और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाइयों को सस्ता करने की घोषणा की गई है। मेक-इन-इंडिया को बढ़ावा देने से स्मार्टफोन, टैबलेट और इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद सस्ते होंगे। खेल उपकरण, कृषि, पशुपालन और लघु उद्योगों पर फोकस से युवाओं व किसानों को लाभ मिलेगा। श्री मोटवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए इसे दूरगामी और जनहितकारी बजट बताया।

### सिरसिदा मानसगान सम्मलेन हुआ संपन्न

**कांकेर।** सिरसिदा, खरथा, मूड़खुसरा एवं उड़कुड़ा के तत्वाधान में सिरसिदा में आयोजित त्रि-दिवसीय मानस गान सम्मेलन 1 फरवरी को समाप्त हुआ, इसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 20 मानस गान मंडलियों ने सहभागिता निभाई। मंडलियों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर मानस गान एवं रामकथा ने जनमानस को श्रीराम के आदर्शों से जोड़ा। इस पावन अवसर पर यादों राम साहू, कन्हैया सिंह ठाकुर, कैलाश कोवाची, टिकेश साहू, कृति साहू, राजू साहू, राजकुमार कोमरा, पुरुषोत्तम साहू, युगल साहू, मुकेश्वर साहू, भुवन कोवाची, गौकरण सलाम, श्रीमती सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### जिपं की सामान्य सभा अब 05 फरवरी को

**कांकेर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक अब 05 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक जिला पंचायत की अध्यक्ष की अध्यक्षता में 04 फरवरी आयोजित होना था, जिसे संशोधित करते हुए अब 05 फरवरी गुरूवार को नियत की गई है। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है।

### कोचिए से छह लीटर महुआ शराब जब्त

कांकेर। कोरर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए कन्हारपुरी निवासी 30 वर्षीय निर्मल पोटाई पिता बंधन सिंह के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अपने कब्जे में 1 फरवरी को अवैध रूप से महुआ शराब को बेचने के लिए रखा हुआ था।

कुरूद, मगरलोड क्षेत्र में औद्योगिक स्थापना के लिए डांडेसरा में हुआ भूमिपूजन

# औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से रोजगार के नए द्वार खुलेंगे : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





जिले के औद्योगिक विकास को नई दिशा देते हुए ग्राम भालूझूलन (तहसील कुरूद) एवं ग्राम करेलीबड़ी (तहसील मगरलोड) में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम ग्राम डांडेसरा कुरूद में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चंद्राकर तथा अध्यक्षता राजीव अग्रवाल अध्यक्ष छग राज्य औद्योगिक विकास निगम ने विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विश्वेश कुमार प्रबंध संचालक छग राज्य औद्योगिक विकास निगम द्वारा किया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम भालूझूलन में 11.00 हेक्टेयर भूमि पर रू. 7.94 करोड़ की लागत से औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा, जिसमें 39 भूखण्ड उपलब्ध होंगे। वहीं ग्राम करेलीबड़ी में 14.00 हेक्टेयर भूमि पर रू. 8.67 करोड़ की लागत से औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जाएगी, जिसमें 36 आबंटन योग्य भूखण्ड विकसित किए जाएंगे। इन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से क्षेत्र में लघु एवं मध्यम उद्योगों को सुव्यवस्थित अधोसंरचना, निवेशकों को अनुकूल वातावरण तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। इससे क्षेत्र के समग्र सामाजिक–आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

विधायक अजय चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्षेत्र में स्थित आईटीआई महाविद्यालयों से प्रशिक्षित युवाओं के लिए उद्योगों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। साथ ही औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से ग्रामीण महिलाओं को कैंटीन, सेवा क्षेत्र एवं अन्य सहायक व्यवसायों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर औद्योगिक अधोसंरचना का विकास कर निवेशकों को आकर्षित किया जा रहा है। ऐसे औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से छत्तीसगढ़ औद्योगिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त राज्य के रूप में तेजी से उभर रहा है।

कार्यक्रम में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, गीतेश्वरी साहू जनपद अध्यक्ष कुरूद, ज्योति भानु चंद्राकर अध्यक्ष नपा कुरूद, ज्योति हरख जैन अध्यक्ष नपं भखारा, हेमा ब्रम्हदत्त सरपंच कन्हारपुरी भालूझूलन, सरपंच डांडेसरा सहित वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजतकुमार, प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार, कार्यपालक संचालक संतोष भगत के अलावा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय राइस मिलर्स, उद्योगपति एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मिशन ग्राउंड में सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट का रोमांच



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिंधी समाज द्वारा युवाओं को खेल के माध्यम से निखारने और एक समग्र खेल संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता इन दिनों मिशन ग्राउंड में पूरे रोमांच के साथ जारी है। जैसे-जैसे मुकाबले आगे बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे दर्शकों में उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। रविवार को बड़ी संख्या में दर्शक मिशन ग्राउंड पहुंचे थे। मुख्य अतिथि नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने दोनों क्रिकेट टीमों के बीच टॉस कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज समाज में जिस एकता, प्रेम और भाईचारे की आवश्यकता महसूस की जा रही है, उसकी मजबूत नींव खेल भावना से ही रखी जा सकती है। क्रिकेट का यह मैदान सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम बन रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की खेल प्रतिभाओं को तराशने का एक सशक्त और सार्थक मंच प्रदान करते हैं। यहीं से खिलाड़ी आगे चलकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और शहर का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगण पिंटू यादव एवं कुलेश सोनी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बंटी वाधवानी ने किया।

## मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र का जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी : बाबर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम डोमा में रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता योगेश बाबर शामिल हुईं। श्रीमती बाबर ने धर्मप्रेमी बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री रामचंद्र का जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने जीवन में सभी जीवों के प्रति सेवा एवं दया का भाव प्रदर्शित किया। मर्यादापूर्वक जीवन जीते हुए मानव समाज को शांति एवं सद्भाव का संदेश दिया। मनुष्य तन प्राप्त होने पर जीवन ऐसा जीना चाहिए कि सदा परमार्थ एवं सेवा के रास्ते पर चलते हुए सभी जीवों के लिए कल्याण का कार्य करना चाहिए। अच्छाई को हमेशा धारण कर बुराई को जड़ से नष्ट करना ही मनुष्य जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु श्रीराम का छग से विशेष नाता रहा है। यहां उनका ननिहाल है।

तत्कालीन भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने राम वन पथ गमन तथा माता कौशल्या मंदिर का निर्माण करवाया। इस अवसर पर जनपद सदस्य ब्रजेश जगताप, सरपंच गुंजन साहू, डॉ दयालाल साहू, संतराम साहू, लीलाराम साहू, श्यामलाल साहू, मुकेश साहू, धरम साहू, बृजभान साहू समेत आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामीणवासी उपस्थित थे।

बसंत उत्सव पर साहित्य भवन में हुई काव्य गोष्ठी

## बसंत केवल एक ऋतु नहीं मन की अवस्था है : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति के तत्वावधान में बसंत उत्सव के अवसर पर साहित्य भवन (म्युनिसिपल स्कूल के पीछे) में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यिक वातावरण पूरी तरह बसंतमय हो उठा, जहां शब्दों में रंग, भावनाओं में सुगंध और कविताओं में नवचेतना की अनुभूति देखने को मिली।

काव्य गोष्ठी का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि बसंत केवल एक ऋतु नहीं, बल्कि मन की अवस्था है, जो विचारों में हरियाली और रचनात्मकता का संचार करती है। सचिव डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने बसंत विषयक कविता का पाठ किया, जिसमें प्रकृति और मानवीय संवेदनाओं का सुंदर समन्वय दिखाई दिया।

कुलदीप सिंह ने ग्रामीण परिवेश और लोकजीवन के माध्यम से बसंत का सजीव चित्र प्रस्तुत किया। दीप शर्मा ने आधुनिक संदर्भों में बसंत को आशा के प्रतीक के रूप में उकेरा। विनोद रणसिंह की कविता में प्रेम और सौंदर्य की भावनाएं केंद्र में रहीं। रंजीत छाबड़ा ने बसंत को सामाजिक परिवर्तन की ऋतु बताया।

महिला रचनाकारों में श्रीमती कामिनी कौशिक, श्रीमती प्रतिमा दीवान एवं श्रीमती गीतांजलि साहू की कविताओं ने नारी संवेदना, संघर्ष और लोकभाषा की मिठास से श्रोताओं को भावविभोर किया। आकाशगिरी गोस्वामी ने आध्यात्मिक दृष्टि से बसंत का चित्रण किया। नरेशचंद्र श्रोती, माझी अनंत एवं चन्द्रहास साहू ने लोकसंस्कृति और परंपरा की झलक प्रस्तुत की। मोहम्मद तारिक ने मानवीय एकता और सौहार्द्र का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. भूपेंद्र सोनी ने किया। काव्य गोष्ठी श्रोताओं की सक्रिय भागीदारी और तालियों की गूंज के साथ एक यादगार साहित्यिक आयोजन के रूप में संपन्न हुई।

## ग्रामीणों को अब 100 की जगह 125 दिन का काम मिलेगा : इंदर



- पूर्व विधायक ने कार्यशाला में योजना के फायदे बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम छाती में केंद्रीय बजट 2026-27 का सीधा प्रसारण हुआ। वीबी जी-राम-जी विकसित भारत योजना-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए भाजपा भोथली मंडल कार्यकर्ताओं की कार्यशाला हुई। इसमें पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने लोगों को योजना के फायदे गिनाए। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीणों के लिए मददगार साबित होगी। योजना के तहत अब ग्रामीणों को 100 दिन के बजाय 125 दिन का काम मिलेगा। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच परिणाम है। यह मिशन ग्रामीण भारत को केवल योजनाओं का लाभार्थी बनाने तक सीमित नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार, आत्मनिर्भर आजीविका और आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार तैयार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

इस अवसर पर हेमंत चंद्राकर जिला मंत्री, मिश्री पटेल मंडल अध्यक्ष, शुभांक मिश्रा भाजयुमो जिला अध्यक्ष, केशव साहू जनपद उपाध्यक्ष, प्रियंका सिन्हा पूर्व जनपद अध्यक्ष, राजीव सिन्हा, तरेंद्र चंद्राकर, दिग्विजय सिंह ध्रुव, लीप सेन जनपद सदस्य, रामाधार साहू, भूमिका कोर्राम, रोशन साहू, कुंवरलाल साहू, कृपाराम साहू, ललित, बल्ला चंद्राकर, रामकुमार यादव, गिरधर सर्वा, गिरीश साहू, अभिषेक शर्मा, अर्पित सिंह उपस्थित थे।

## क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में बेंद्रानवागांव ने सिहाद को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम गोपालपुरी में इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान मेंआयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मुकाबला बेंद्रानवागांव एवं सिहाद के बीच हुआ, जिसमें प्रथम स्थान बेंद्रानवागांव ने हासिल किया एवं द्वितीय स्थान पर सिहाद रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीपेंद्र कुमार साहू पूर्व प्रदेश कार्यसमिति, ओबीसी मोर्चा रहे। अध्यक्षता जीवनलाल देवांगन सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि राकेश साहू जिला महामंत्री भाजपा, भगत यादव उपाध्यक्ष प्रदेश यादव समाज, श्रीमती फलेश्वरी जनपद सदस्य धमतरी, डॉ. विनेश्वर साहू, रिंकू सेन पूर्व सरपंच सरसोंपुरी, नन्दू साहू, रामकृष्ण साहू, मोतीराम साहू, सेवालाल साहू, होमनलाल चन्द्राकर, माधव देवदास, केशवराम साहू, दीपक देवदास, चन्द्रशेखर देवांगन शिक्षक, भोजराम साहू थे।

मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार है। ऐसे ग्रामीण स्तर के आयोजन से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। आयोजन में गजेंद्र देवांगन, गोपी यादव, लोकनाथ चन्द्राकर, उमेश दुबे, राकेश साहू, मधु दुबे, रमेश साहू, नविन चन्द्राकर, अरुणा देवांगन, प्रभात चन्द्राकर, अजीत साहू, हरीश साहू, नरेंद्र साहू, धीरज साहू, विकास साहू, सूरज साहू, विष्णु यादव, टाकेश यादव, डोमन साहू, चेमन साहू, विनय साहू, राज देवांगन का सहयोग रहा।

पेयजल पाइपलाइन ही नहीं और घरों में लगा दी गई नल की टोटी

## जल जीवन मिशन का नया कारनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जल जीवन मिशन में एक नया कारनामा सामने आया है। ग्राम पंचायत मथुराडीह के दो वार्ड में पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछी ही नहीं है और उस वार्ड में घर-घर नल की टोटियां लगा दी गई हैं।

सोमवार को पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में मामले की शिकायत की है। ग्रामीण पवन सेन, देवकुमार, कृष्णा, मोतिम, टिकेश्वर, निर्मला देवांगन ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत उनके घरों में लगाई गई नल की टोटियां उनकी खिल्ली उड़ा रही है। टोटी से अब तक पानी की एक बूंद नहीं आई है। पानी की समस्या से परेशान और आक्रोशित लोगों ने कहा कि मथुराडीह के वार्ड क्रमांक 1 और 2 में पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है और टोटियां लगा दी गई हैं, जो महत्वाकांक्षी योजना पर सवाल कर रही है। इस मामले पर ग्राम पंचायत में जानकारी देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने शीघ्र पाइपलाइन बिछाकर कनेक्शन देने की मांग की है।

### दिव्यांगों के बैकलॉग पद को शीघ्र भरने की मांग

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निशक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष घनश्याम सिंह साहू ने राज्य सरकार से दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित 6% आरक्षण अंतर्गत रिक्त (बैकलॉग) पदों को शीघ्र भरने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मूकबधिर, नेत्रबाधित एवं अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के पदों को व्यावसायिक परीक्षा के माध्यम से जल्द भरा जाना चाहिए, ताकि लंबे समय से रिक्त पड़े पदों पर योग्य और वास्तविक दिव्यांग अभ्यर्थियों को अवसर मिल सके।

## धान खरीदी के पैकअप के बाद भी टोकन के लिए भटक रहे किसान



**धमतरी।** किसानों के घर में पहुंचकर भौतिक सत्यापन करने के बाद भी टोकन जारी नहीं करने की शिकायत की गई है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में जनपद पंचायत मगरलोड की वन सभापति श्रीमती तिलोत्मा साहू के नेतृत्व में दो दर्जन किसानों ने प्रदर्शन किया। कलेक्टर तथा जिला खाद्य अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वे ग्राम नारधा एवं कपालफोड़ी के स्थाई किसान हैं। पंजीकृत जमीन का धान कपालफोड़ी सोसायटी में बेचते हैं। टोकन के लिए सोसायटी में आवेदन दिया गया था, जिसके आधार पर उनके घर रखी उपज का भौतिक सत्यापन नोडल अधिकारी ने घर पहुंचकर किया है। सोसायटी में संपर्क करने पर 9 जनवरी से टोकन कटना बंद बताया गया। भौतिक सत्यापन के बाद भी टोकन नहीं कटा और अब तक टोकन का पोर्टल नहीं खुला है। किसानों ने धान बेचने के लिए टोकन जारी करने की मांग की है। ज्ञात हो कि धान खरीदी जनवरी माह के साथ बंद हो गई है।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




